**खास-खबरें**

## अधिकारियों की लापरवाही की सजा भुगत रहे किसान

भीकनगांव। झिरन्या तहसील के ग्राम गवला के करीब 59 किसानों की कृषि भुमि का उचित मुआवजा निर्धारित किए बिना ही जल संसाधन विभाग के अधिकारीयों ने तालाब निर्माण कार्य किया शुरू। एसडीएम खरगोन टीएल बैठक में उपस्थित रहने के कारण प्रभावित किसानों को आज 28 को भीषण गर्मी में एसडीएम कार्यालय मे नियत पेशी पर भूमि अधिग्रहण की दावा आपत्ति के लिए होना पड़ा परेशान। किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जताई नाराजगी, जलसंसाधन विभाग की एसडीओ को मुआवजा निर्धारित होने तक काम रोकने का किया निवेदन। बिजलवाड़ा सिंचाई परियोजना के लाभांवित किसानों की समस्यायों को लेकर विधायक झूमा सोलंकी ने ठेकेदार ओर एनव्हीडीए के अधिकारियों से की समीक्षा, समस्याओं को दुरस्त करने तथा पेयजल हेतु विधानसभा क्षेत्र के 32 तालाबों में पानी छोड़ने के दिये निर्देश।

## गोहद पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में गंभीर अपराध घटित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। थानाप्रभारी गोहद निरीक्षक मनीष धाकड़ के मुताबिक थाना गोहद पुलिस ने दिनांक 21 मार्च 025 को ग्राम पिपरौली में जमीनी विवाद पर हुई एक व्यक्ति की हत्या पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पांच-पांच हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था। उक्त अपराध में दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हासिल हुई है। दिनांक 21 मार्च 025 को जमीनी विवाद पर से बलवीर परिहार की हत्या कर हत्या कर दी गई थी। आरोपीगण मौके का फायदा उठाकर भाग गये थे। फरियादी बालकृष्ण परिहार की रिपोर्ट पर एससी एसटी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा थाना गोहद को तत्काल अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित कर पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था।

## जैकी शर्मा का सड़क दुर्घटना में निधन



**भीकनगांव।** शहर के बर्तन व्यापारी जैकी शर्मा का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया 29 अप्रैल को रात्रि खरगोन से भीकनगांव आ रहे थे ड्राइवर की लापरवाही के कारण वहां पर खड़े एक टेंपल से गाड़ी टकराई इसमें सवार चार लोग थे जिसमें से बर्तन व्यापारी जैकी शर्मा की मृत्यु हो गई अन्य लोग घायल हुए इस एक्सीडेंट की खबर लगते ही शहर में लहर छा गई से स्थानीय मुक्ति धाम में उनके पुत्र ने नाम अग्नि दी इस अवसर पर स्वरूप ब्राह्मण समाज अन्य समाज के लोगों ने उनकी आत्मा शांति के लिए स्थानीय मुक्ति धाम पर 2 मिनट का माल रखा और ईश्वर से प्रार्थना करें कि आत्मा को देवलोक में स्थान दें एवं उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने सचिव पर भ्रष्टाचार और योजनाओं से वंचित रखने का लगाया आरोप

### बड़वाह जनपद कार्यालय में होने वाली जन सुनवाई में दिखा ग्रामीणजनों का आक्रोश

**बड़वाह।**



स्थानीय जनपद पंचायत से जुड़ी ग्राम पंचायतों में आज भी भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा । कई पंचायतों की शिकायतें होती हैं । मगर जांच में अधिकारियों द्वारा टाइम पास का खेल आज भी जारी है। ऐसा ही एक मामला फिर जांच के घेरे में मंगलवार को जनपद पंचायत बड़वाह में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम पंचायत बाडिखार का आया है। जहा सचिव शिवनारायण पवार की मनमानी और कार्यों में होने वाली अनियमिता की शिकायतें ग्रामीणों ने की है इस दौरान ग्रामीणों ने मीडिया के समक्ष ग्राम पंचायत सचिव शिवनारायण पवार की मनमानी और निर्माण कार्यों में अनियमितता का चिट्ठा खोल दिया ।

**बच्चों की बाल वाटिका का निजी भूमि पर करवाया निर्माण कार्यः** ग्रामीणों ने जनसुनवाई में एक के बाद एक आवेदन सौंपते हुए सचिव पर भ्रष्टाचार, लापरवाही और योजनाओं से वंचित रखने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पंच मनीषा पति गोपाल चौहान ने बताया कि पूर्व में गांव में श्मशान घाट के पास ही बच्चों की बाल वाटिका का एक निजी भूमि पर निर्माण कार्य करवा दिया । जिसमें पंचों की जानकारी के बिना नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया गया। वहीं ग्रामीण अंबाराम पिता रामजी ने शिकायत में बताया कि उनकी निजी भूमि पर सार्वजनिक कुप निर्माण किया गया, लेकिन आज दिनांक तक मुआवजा नहीं दिया और न ही कुएं का पूरा निर्माण हुआ।जबकि करीब 1 लाख 75 हजार रुपए राशि भी जॉब कार्ड के माध्यम से निकाल ली गई है ।उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में बनी बाल वाटिकाओं की निष्पक्ष जांच हो,तो शासन को लाखों रुपए वसूलने का मौका मिल सकता है।ऐसा इसलिए कि बड़वाह सनावद ब्लाक की कई ऐसी पंचायतें हैं। जहां बाल वाटिका के नाम पर पेसो का बढ़ा खेल खेला गया है।

**बीपीएल कार्डधारी को ही नहीं मिल रहा राशनः** ग्रामीण संजय पिता गंगाराम ने बताया कि बीपीएल कार्ड बने एक वर्ष हो चुके है,लेकिन उन्हें खाद्यान्न सामग्री नहीं मिल रही है। इसके लिए पंचायत सचिव पवार को कई बार दस्तावेज देने के बाद भी उनके द्वारा आवश्यक जानकारी ऑनलाइन नहीं की गई ।गौरलतब है कि आश्चर्य तो तब हुआ जब ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सरपंच और सचिव दोनो ने ही अपने गांव के रहवासियों की जान की परवाह किए,बिना नाली के चैंबरों को ढक्कनों से नहीं ढंका । इस बात का खुलासा बाबूलाल पिता प्रताप सिंह पटेल ने किया और बताया कि इसी पंचायत में नाली निर्माण में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। करीब 100 चेंबर तो बनाए गए, जिनकी राशि भी निकल चुकी है किंतु आज तक चैंबरों को जिम्मेदारों ने ढक्कनों से बंद करना उचित नहीं समझा। ऐसी स्थिति में गांव में मवेशियों और बच्चों के गिरने की घटनाए भी हो रही हैं, लेकिन ग्रामीणों की समस्या पर सुध लेने वाले जिम्मेदार भी अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ रहे हैं ।

**पेंशन लेने के लिए वृद्धा महिला को भी कई बार लगाना पड़ रही गुहारः** शिकायत के दौरान जनसुनवाई में वृद्धा गजरीबाई पति अंबाराम ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से वृद्धावस्था पेंशन के लिए पंचायत के चक्कर काट रही हैं, मगर ग्राम पंचायत जाने पर वहा अक्सर ताला लगा मिलता है और सचिव पवार उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा।जबकि ग्राम पंचायत बाडीखार के निवासी गोपाल चौहान ने आरोप लगाया कि पडावा गांव में नाली निर्माण कार्य हुआ है । यह कार्य बिना इंजीनियर की स्वीकृति और जनपद की जानकारी के ही किया गया है ।जिसकी जांच होने पर भ्रष्टाचार की पूरी संभावना दिख रही है। उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई में कुल छह ग्रामीणों ने अलग-अलग समस्याओं को लेकर शिकायती आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई है। सभी की मांग है कि पंचायत सचिव के कारनामों की ठोस और न्यायचोति जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए । ताकि ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आ सके और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके ।

**इनका कहना हैः** ग्राम पंचायत बाडिखार में आने वाला ग्राम पडावा में नाली निर्माण की कोई भी स्वीकृति नहीं की गई है और अगर नाली निर्माण कराया है तो मुझे उसकी जानकारी नहीं है।

**आशीष पाटीदार,** इंजीनियर

## खेतों में नरवाई जलाने वाले 132 कृषकों पर लगाया गया जुर्माना




**खण्डवा।** पर्यावरण सुरक्षा हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 अन्तर्गत जिले में गेहूँ एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग अधिकारी श्री के.सी. वास्केल द्वारा बताया गया कि जिला एवं विकासखंड स्तरीय विभागीय मैदानी अमले का दल बनाकर कर्तव्यस्थ किया गया है। विभागीय मैदानी अमले द्वारा ग्रामों में सार्वजनिक स्थान पर आदेश चस्पा कर, पम्पलेट वितरण कर एवं ग्रामों में मुनादी करवा कर किसानों को फसल अवशेष खेतों में न जलाने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग अधिकारी श्री वास्केल ने बताया कि किसी व्यक्ति/निकाय द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है, तो नोटिफिकेशन अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि सम्बंधित व्यक्ति/निकाय से 2 हजार 500 सौ रुपये से लेकर 15 हजार रुपये तक दंडस्वरूप वसूल किये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक कृषकों द्वारा नरवाई जलाने पर तहसील खंडवा के 32 कृषकों से 85 हजार रुपये, तहसील पंधाना के 2 कृषकों से 7 हजार 5 सौ रुपये, तहसील पुनासा के 8 कृषकों से 53 हजार 5 सौ रुपये, तहसील खालवा के 8 कृषकों से 22 हजार 5 सौ रुपये एवं तहसील हरसूद के 82 कृषकों से 4 लाख 13 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार कुल 5 लाख 81 हजार 5 सौ रुपये पर्यावरण क्षति दंडस्वरूप वसूल किये गए हैं।

उप संचालक कृषि श्री के.सी. वास्केल द्वारा जिले के समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि गेंहू, मक्का एवं गन्ना फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में न जलायें। कृषक बंधुओं को सूचना प्राप्त होने के पश्चात नोटिफिकेशन प्रावधान अनुसार पर्यावरण क्षतिपुर्ति राशि जिसमें 2 एकड़ तक भूमि वाले कृषकों को 2 हजार 5 सौ रूपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये एवं 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों को 15 हजार रूपये तक का दण्ड प्रावधान निर्धारित किया गया है।

## समेरिटंस आईसीएसई पिपरिया का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



**नर्मदापुरम।**

**आईसीएसई द्वारा बुधवार को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संभाग के एकमात्र आईसीएसई विद्यालय समेरिटंस पिपरिया का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस साल परीक्षा में कुल छह विद्यार्थी शामिल हुए थे, जो सभी उत्तीर्ण हुए।**

परीक्षा में शामिल राधिका पटेल पुत्री खुमान पटेल ने परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि देवराज रघुवंशी 74 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहे। विद्यालय के अनुपम अग्निहोत्री ने 65 प्रतिशत, राधिका पुत्री रामकुमार पटेल ने 60 प्रतिशत, कार्तिक राय ने 58 प्रतिशत और देवकुमार पटेल ने 55 प्रतिशत अंक प्राप्त का सफलता अर्जित की। समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सफलता पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रतिष्ठा के अनुरूप परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कक्षा 10वीं का दूसरा वर्ष था। आने वाले वर्षों में बच्चे इससे भी अधिक बेहतर परिणाम लाएंगे। विद्यालय को आईसीएसई के नियमों के अनुसार संचालित किया जा रहा है। विद्यार्थियों केलिए सुविधाओं का विस्तार निरंतर किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह विद्यालय न केवल कहते के लिए अपितु प्रदेश के लिए आदर्श विद्यालय बनेगा। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना शर्मा को भी बधाई दी।

### पंचायत मंत्री पटेल आज जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 01 मई 2025 को दमोह जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आप प्रात 11 बजे सैनिक सोसायटी शक्ति नगर जबलपुर से व्हाया कटंगी-जबेरा-नोहटा होते हुये अपरान्ह 1 बजे दमोह पहुंचेंगे और स्थानीय किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य का शुभारंभ करेंगे। पंचायत मंत्री श्री पटेल अपरान्ह 1.20 बजे किशन तलैया से प्रस्थान कर अपरान्ह 1.30 बजे सर्किट हाऊस पहुचेंगे, आप लंच उपरांत पत्रकार वार्ता तथा जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे, शेष समय आरक्षित रखा गया है। आप अपरान्ह 3.15 बजे सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर शाम 4 बजे जरारूधाम गौ अभ्यारण पहुचेंगे और पंच - सरपंच सम्मेलन में शामिल होंगे। जरारूधाम गौ अभ्यारण में शुभचिंतकों, सहयोगियों के साथ चर्चा करेंगे ।

## अक्षय तृतीया पर 223 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न

**ओंकारेश्वर( नि प्र)।** ओंकारेश्वर के नवीन बस स्टैंड (स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह तोमर बस स्टैंड ) पर बुधवार (अक्षय तृतीया) के शुभ अवसर पर निशुल्क सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा 223 जोड़ो का विवाह आयोजन संपन्न हुआ। नगर परिषद द्वारा विवाह स्थल पर की गई व्यवस्थाओं से योजना में भाग लेने वाले परिवार संतुष्ट नजर आए ढ्ढ इस योजना के अंतर्गत जिले में सर्वाधिक पंजीयन नगर परिषद ओंकारेश्वर में किए गए और उसका सफल आयोजन किया गया ढ्ढ प्रशासन की ओर से नव दंपतियों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रेषित करने के लिए मांधाता विधायक नारायण पटेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे ढ्ढ इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा प्रकाश परिहार, उपाध्यक्ष




अखिलेश्वर दीक्षित सभी पार्षदगण,नगर परिषद सीएमओ संजय गीते, राजस्व निरीक्षक नीरज रावत और नगर परिषद के सभी कर्मचारी अधिकारी प्रात: 7 बजे से कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाया।

पर्यावरण को हरा-भरा करने के लिए नगर परिषद द्वारा प्रत्येक जोड़े को गमले सहित पौधा भी उपहार स्वरूप दिया गया उसके पालन पोषण और जल संवर्धन के लिए संकल्प दिलवाया गया ढ्ढ सामूहिक निशुल्क मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत शासकीय योजना के अंतर्गत वर- वधु को 49,000 राशि का चेक वितरण किया गया।

जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि प्रकाश परिहार ने बताया कि सभी की सहभागिता से एक सफल आयोजन संपन्न हुआ ढ्ढ नगर परिषद उपाध्यक्ष पंडित अखिलेश्वरी दीक्षित ने बताया ओंकारेश्वर को इस तरह के आयोजन में भविष्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया जा रहा है ढ्ढ शासन की यह बहुत अच्छी योजना है।

## विज्ञान यदि अध्यात्म से रहित हो तो विनाश की ओर अग्रसर होता है : जोशी



खंडवा। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित एकात्म पर्व के तीसरे दिवस पर चैतन्य अद्वैत वेदांत एवं आधुनिक विज्ञान विषयक सत्र ने श्रोताओं को वैचारिक गहराई में पहुंचा दिया। यह संवाद सत्र विज्ञान, वेदांत और अध्यात्म के सम्मिलन की दिशा में एक अभिनव प्रयास था।

इस सत्र में रामकृष्ण मिशन के स्वामी आत्मप्रियानंद सरस्वती, आर्ष विद्या गुरुकुलम के संस्थापक स्वामी परमात्मानंद सरस्वती, लेखक-चिंतक नीलेश नीलकंठ ओक, प्रसिद्ध वैज्ञानिक पंकज जोशी, जेएनयू के प्रोफेसर रामनाथ झा, स्वामी प्रणव चैतन्य पुरी, लेखक मृत्युंजय गुहा मजूमदार, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी, स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती और अन्य संत-चिंतक उपस्थित रहे।

स्वामी परमात्मानंद सरस्वती ने कहा कि वेदांत किसी मत का विषय नहीं, बल्कि मानव चेतना की खोज है। यह मनुष्य को उसकी वास्तविक स्वरूप से जोड़ने का विज्ञान है। जब हम बाह्य जगत को ही सत्य मान लेते हैं, तब अज्ञान के बल पर पूरी दृष्टि खड़ी हो जाती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वेदांत का संदेश केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के उत्थान का आधार बन सकता है।

मृत्युंजय गुहा मजूमदार ने कहा कि 19वीं सदी तक विज्ञान न्यूटनियन भौतिकी पर आधारित था, परंतु 20वीं सदी की शुरुआत में हाइज़नबर्ग और श्रोडिंगर ने क्वांटम सिद्धांत प्रस्तुत किया, जहाँ चेतना को यथार्थ की निर्धारण शक्ति माना गया। उन्होंने कहा कि चेतना की परिभाषा आधुनिक न्यूरोफिजिक्स में जहां न्यूरल करेस्पॉन्डेंस से जुड़ी है, वहीं अद्वैत वेदांत चेतना को स्वयं स्वतंत्र सत्ता मानता है।

प्रो. रामनाथ झा ने स्पष्ट किया कि अद्वैत वेदांत के अनुसार आकाश की भी उत्पत्ति हुई है, अत वह नित्य नहीं है, जबकि न्याय और वैशेषिक दर्शन आकाश को नित्य मानते हैं। उन्होंने कहा — न्यूटनियन विज्ञान का आधार द्वैत है जबकि उपनिषद कहता है - वह एक ही शक्ति है, अन्य सब उसकी ही अभिव्यक्ति हैं।

वैज्ञानिक पंकज जोशी ने चेताया कि विज्ञान जब अध्यात्म से कट जाता है, तब वह विनाशकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के मूल में आज वही चेतना-चिंतन खड़ा है, जिसे भारतवर्ष सदियों से बुद्धि, मेधा, प्रज्ञा और चित्त के रूप में जानता रहा है। आज की सबसे बड़ी सांस्कृतिक चुनौतियाँ विज्ञान व अध्यात्म के सामंजस्य से ही हल हो सकती हैं।

नीलेश नीलकंठ ओक ने कहा — विज्ञान और अध्यात्म दोनों प्रश्न से प्रारंभ होते हैं। संत ज्ञानेश्वर ने 13वीं सदी में ही ब्रह्मांड केंद्रित सूर्य सिद्धांत का उल्लेख किया था।

## सीमांकन, नामांतरण बंटवारा के अविवादित प्रकरणों का निराकरण 1 से 31 मई तक किया जाएगाःकलेक्टर

**दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार ने बताया जिले में सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा इन प्रकरणों का निराकरण जो अविवादित है निराकरण किया जाएगा।**

उन्होंने कहा 1 से 31 मई तक तीन बातें यह होगी और इसके अलावा चौथी बात है, जितनी परिसंपत्तियां हैं, जो राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होते जैसे-तालाब, कुंए, विभागीय भवन हैं, अलग-अलग परिसंपत्तियां हैं, जो अलग-अलग विभागों की हैं, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम पर दर्ज नहीं या फिर ऐसी भूमियां है, जिसमें की जिला प्रशासन ने भू-अर्जन कर लिया है, भू-अर्जन का पैसा लोगों को दे दिया है, लेकिन आज भी वह उन्हीं लोगों के नाम पर दर्ज है, इन सबको राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने का पूरा अभियान चल रहा है।

हमारे पास अभी तक लगभग 15 विभागों की जानकारी आ गई है। अब हम तहसीलों के माध्यम से जो है, राजस्व रिकॉर्ड के कॉलम नंबर 12 में इसको अपडेट कराने की कार्रवाई की जा रही है। बाकी विभागों से भी कहा गया है, की वह जल्दी-जल्दी जानकारियां भेजें, ताकि यह अपडेशन का काम कराया जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक बड़े पैमाने पर इस काम को लिया है, इसी प्रकार रिकॉर्ड रूम को भी जैसे जबलपुर कलेक्टर ने किया है, उसी तर्ज पर हमने भी इस पर काम शुरू कर दिया है।

## जनपद पंचायत में स्थित भारतीय मौसम विभाग का संयंत्र दुरुस्त करने आए अधिकारी

**सेमरी हरचंद।** जपं प्रगाण में लगे मौसम विभाग के संयंत्र से वर्षों बाद डाटा कलेक्शन शुरु होगा भारतीय मौसम विभाग की टीम ने उक्त संयंत्र चालू किया है अब आप ब्लॉक मुख्यालय में होने वाली बारिश का वास्तविक डाटा मिलेगा संयंत्र की जांच करते हुए भारतीय मौसम विभाग के मीडियोलाजिस्ट ए. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि समूचे मध्य प्रदेश में आटोमेटिक रन गेज सिस्टम लगे हैं।

अब भी मौसम विभाग द्वारा इन सिस्टम को सुधारने व अपडेट करने का काम किया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग के संयंत्र में सिम लगाई गई है विभाग की वेबसाइट पर सिम कनेक्शन से कभी भी बारिश का डाटा देखा जा सकता है उन्होंने बताया कि आमजन वेबसाइट पर अपने चित्र में लगे संयंत्र के द्वारा एकत्रित बारिश का डाटा देख सकते हैं यह रियल टाइम का डाटा प्रस्तुत करेगी। गुप्ता व उनके साथियों ने बताया कि वेबसाइट पर प्रत्येक 15 मिनट का डाटा अपलोड किया जायेगा।

## रुपयों के लेनदेन को लेकर नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ की मारपीट

**हरदा। हरदा के नीमगांव में मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। दोनों को गंभीर चोटें आई है। फिलहाल पिता पुत्र का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।**



जानकारी के अनुसार घटना देर रात करीब डेढ़ बजे की है। पीड़ित इसराइल और उनके पिता शब्बीर खान (60) अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान चार-पांच नकाबपोश लोगों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही हमलावरों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने घर की महिलाओं के साथ भी मारपीट की। हमले में दोनों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। सिविल टीआई संतोष सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित इसराइल कूलर किराए पर देने का काम करता है। उसने रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No./2996/E-Tendering/NPN/2025 — Narmdapuram Date :28.04.2025

**//Notice Inviting Tenders//**
**(1st call)**

Online Percentage rate bids for the following works are invited from Centralized regisstered contractors and firm of repute fulfilling registration criteria -

| SL. No. | Tender No. | Name of work | Probable amount of contract | Earnet Money Deposit | Cost Of Bid Document | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _418703_1 | TUBEWELL EXCAVATION WORK AT WARD NO 21 VIKRAM NAGAR RASULIYA MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM MP UNDER VIDHYAK NIDHI | 200044/- | 2001/- | 2000/- | 01 months |

The Bid Document can be Download only online form 23/04/2025 (18.50) to 09/05/2025 (17.30) hour for more Information :- https://mptenders.gov.in

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Narmadapuram**